प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.10.2025/प्रादेशिक समाचार/9.20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश को नशामुक्त बनाना सरकार की प्रतिबद्धता और संकल्प है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ बनाए गए कानून को और सख्ती से लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे के कारोबार में शामिल लोगों पर शिकंजा कसते हुए उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए विशेष टॉस्क फोर्स सक्रिय है और नशा तस्करों के विरूद्ध सख्ती से निपटा जा रहा है।

ई–रिक्शा

प्रदेश सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत राज्य के मैदानी क्षेत्रों की 800 ग्राम पंचायतों में घर–घर से कूड़ा एकत्रित करने के लिए 800 ई–रिक्शा खरीदने का निर्णय लिया है। इस महत्वकांक्षी योजना को ग्रामीण विकास विभाग लागू कर रहा है। ग्रामीण विकास विभाग के निदेशक के मुताबिक नए साल से मैदानी जिलों में ये डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण सेवा शुरू की जाएगी।

श्रीकांत शर्मा

भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कहा है कि आपदा के समय केंद्र ने पूरी उदारता और संवेदनशीलता से प्रदेश की मदद की है। शिमला के संजौली में पार्टी की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि आपदा को लेकर केंद्र से अभी तक 5 हजार 3 सौ 23 करोड़ रूपये प्रदेश के खाते में आ चुके हैं। उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर आपदा के समय नदारद रहने का आरोप भी लगाया। श्रीकांत शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी में की गई कटौती लोगों के लिए फायदेमंद साबित हो रही है।

नियुक्ति

राज्य सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी श्याम भगत नेगी को सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव नियुक्त किया है। इससे पूर्व सरकार ने इस पद पर आईपीएस अधिकारी अभिषेक त्रिवेदी की नियुक्ति के आदेश जारी किए थे, जिसे अब रद्द कर दिया गया है। इसके अलावा छह तहसीलदारों को पदोन्नत कर एचएएस कैडर में शामिल किया गया है।

एचआरटीसी पैंशनर

प्रदेश पथ परिवहन निगम के पैंशनरों को पिछले दो महीनों से पैंशन नहीं मिली है जिससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों में नाराजगी देखने को मिली है। प्रदेश पैंशनर संयुक्त संघर्ष समिति के सचिव राजेन्द्र ठाकुर ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि समिति द्वारा 15 अक्तूबर को शिमला स्थित निगम मुख्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

मौसम

प्रदेश के उंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी व निचले क्षेत्रों में बारिश के बाद आज अधिकांश क्षेत्रों में मौसम साफ है। बर्फबारी के कारण मनाली–लेह व मनाली–काजा मार्ग पर कई वाहन फंसे हैं। सीमा सड़क संगठन सड़क बहाली में जुटा है। जिला किन्नौर के उपरी क्षेत्रों में हुई बर्फबारी से जनजीवन प्रभावित हुआ है। हमारी किन्नौर जिला संवाददाता सोमेश नेगी ने बताया कि जिले के छितकुल में लगभग दो इंच ताजा हिमपात हुआ है।

*जनजातीय जिला किन्नौर में बीते लगभग चार दिनों से मौसम ने अचानक करवट बदल ली है ।बीती रात जिले की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले वह मध्यम ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बारिश हुई है। मौसम के इस बदलाव से पूरे जिले में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है ।जिला के सीमावर्ती गांव छितकुल में आज सुबह लगभग दो इंच ताजा बर्फबारी हुई । बर्फबारी और भारी बारिश से जिले के बागवानों व बेड पलकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।कई ऊंचाई वाले इलाकों में अभी भी सेब की फसल पेड़ों पर लड़की हुई है जिससे तुडान का कार्य प्रभावित हो गया है बागवानों को नगदी फसल को लेकर आर्थिक नुकसान की चिंता सता रही है।*

इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान राज्य के मैदानी व मध्यवर्ती इलाकों में हल्की से मध्यम वर्षा और उंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.....

आज समाचार पत्रों ने विभिन्न श्रेणी के कर्मचारियों के मानदेय में बढ़ौतरी से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–पंचायत–शहरी निकाय प्रतिनिधियों, अस्थायी कर्मियों का मानदेय बढ़ा। पंजाब केसरी के शब्द हैं–आउटसोर्स कर्मचारी, एसएमसी व आईटी शिक्षकों का मानदेय बढ़ा। दिव्य हिमाचल लिखता है–कर्मचारियों को दिवाली बोनांजा। दैनिक जागरण का शीर्षक है–दिवाली से पहले 25 रूपये बढ़ी दिहाड़ी।

प्रधानमंत्री आवास योजना पर हिमाचल दस्तक ने लिखा है–केंद्र से हिमाचल को स्वीकृत 1633 मकानों के लिए एक लाख आवेदन।

———————————